हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी हुई तेज शहर में विशेष सफाई ...

12 किसानों के लिए ड्रोन स्प्रेयर सुविधा शुरू करने वाला धमतरी बना ...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
02 जून 2026
कूपन नं.
3

# जिला अस्पताल में शुरू हुई अत्याधुनिक अटल आरोग्य लैब, 94 जांचें मुफ्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महत्वाकांक्षी अटल आरोग्य लैब योजना अंतर्गत जिला अस्पताल में अत्याधुनिक प्रयोगशाला सेवाओं का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इस पहल से जिले के नागरिकों को आधुनिक तकनीक आधारित जांच सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। वर्तमान चरण में 94 प्रकार की जांच सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। इनमें सीरोलॉजी, हीमेटोलॉजी, इम्यूनोएसे, हार्मोन एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, क्लीनिकल पैथोलॉजी सहित अनेक विशेष जांचें शामिल हैं। आगामी चरणों में जांच सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विगत 13 अप्रैल को सुकमा जिले से राज्यव्यापी स्तर पर शुभारंभ की गई है। इस योजना का उद्देश्य उच्च स्तरीय डायग्नोस्टिक सेवाओं का विकेंद्रीकरण कर उन्हें प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचाना है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ सार्वजनिक-निजी सहभागिता ( ट्रिपल पी) मॉडल के अंतर्गत साझेदारी की गई है। एचएलएल की विशेषीकृत स्वास्थ्य सेवा इकाई हिंदलैब्स द्वारा इन सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

## मरीजों को एसएमएस और व्हाट्सएप पर मिलेगी रिपोर्ट

### जांच रिपोर्ट के लिए अब अस्पताल का चक्कर नहीं

योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि मरीजों को जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अस्पताल अथवा प्रयोगशाला के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। जांच पूर्ण होने के उपरांत रिपोर्ट सीधे उनके मोबाइल फोन पर एसएमएस एवं व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।



### 1,046 शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों को नेटवर्क से जोड़ा गया

अटल आरोग्य लैब योजना के तहत प्रदेशभर के 1,046 शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों को एकीकृत प्रयोगशाला नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिनमें जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। योजना के अंतर्गत नागरिकों को 133 से अधिक प्रकार की जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि इस आवासीय विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिए 6 से 14 साल तक के आयु की दिव्यांग बालिकाएं आवेदन कर सकतीं हैं। आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, नगरनिगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड लगाना होगा। इसके साथ ही आधार कार्ड की छायाप्रति, जिला चिकित्सालय द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज की 10 फोटो, ब्लड ग्रुप, बैंक पासबुक, राशनकार्ड की छायाप्रति सहित पहचान का निशान और सिकलसेल अथवा अन्य कोई बीमारी हो तो उसका भी उल्लेख करना होगा। अधीक्षक ने यह भी बताया कि यदि पहले से अध्ययनरत है, तो स्थानांतरण प्रमाण-पत्र मूल में और जिले के बाहर की टीसी में जिला शिक्षा अधिकारी का प्रतिहस्ताक्षर जरूरी होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अधीक्षक श्रीमती उमा देवांगन अथवा शाला प्रवेशांक प्रभारी बसंत कुमार साहू से सम्पर्क किया जा सकता है।

### सड़क हादसे में पति के बाद घायल महिला की मौत



- गागरा पुल के पास हुआ था हादसा
- बोलेरो ने बाइक को मारी थी टक्कर

**धमतरी।** नेशनल हाईवे में बीते दिनों हुए सड़क हादसे में पति की मौके पर हुई मौत के बाद घायल पत्नी की भी निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की दोपहर अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटा निवासी इंद्रेश निर्मलकर अपनी पत्नी शशि निर्मलकर के साथ बाइक में सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए रायपुर जा रहा था। इसी दौरान रांग साइड पर चल रही बोलेरो ने गागरा पुल के पास बाइक को आगे से ठोकर मार दी थी। इस घटना में बाइक चालक इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी शशि निर्मलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल महिला को रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां महिला का इलाज जारी था। घटना के पांच दिन बाद शनिवार की रात्रि घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना में अर्जुनी पुलिस बोलेरो को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पंचायत उपचुनाव में जमकर हुई वोटिंग, कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं

# आठ गांव के मतदाताओं ने चुना अपना नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंचायत उपचुनाव में जमकर वोट बरसे। 10 मतदान केंद्रों में 2428 मतदाता थे, जिसमें से 2164 ने अपना मतदान किया। इस चुनाव में मतदान करने के लिए पुरूष आगे रहे। 89.29 प्रतिशत पुरूष और 88.97 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया।

सालभर बाद जिले में पंचायत उपचुनाव हुआ। विभिन्न कारणों से जिले में 2 सरपंच और 20 पंच के पद रिक्त हो गए थे। इस उपचुनाव से इन पदों को भरा गया। सरपंच के एक पद के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिला, जिसके चलते यह पद रिक्त ही रह गया। वहीं 13 पंच निर्विरोध हो गए थे। बाकी बचे 1 सरपंच और 7 पंच के लिए सोमवार को मतदान हुआ। सरपंच के लिए तीन बूथ और पंचों के 1-1 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। रविवार को मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गया था।

सोमवार को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। सुबह से ही मतदाता पोलिंग बूथ में पहुंच गए थे। दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद मतगणना हुई। शाम 6 बजे तक सभी बूथों में मतगणना का काम भी कम्पलीट कर लिया गया। शाम 7.30 तक मतदान दल लौट आए। मतगणना के बाद अघोषित रूप से रिजल्ट तो सबके सामने आ चुका है। 4 जून को सारणीकरण के बाद रिजल्ट की अधिकृत घोषणा की जाएगी।




### यहां हुआ मतदान

लीलर में सरपंच के लिए और बिरेतरा, कुहकुहा, सिवनीकला, चर्रा, सेमरा बी, गोबरा, मोतिमपुर में पंच पद के लिए मतदान हुआ। नगरी में 8 पंच पद के लिए चुनाव होना था, जिसमें सभी निर्विरोध चुने गए हैं। जानकारी के अनुसार बिरनासिल्ली में तीन, सिरसिदा, घोटगांव, बनबगौद, कट्टीगांव और करैहा में एक-एक पंच निर्विरोध हुए हैं। इसी प्रकार धमतरी के मोंगरागहन, कुरूद के जीजामगांव, तर्रागोंदी और चरोटा, मगरलोड के खड़मा में पंच निर्विरोध हुए हैं। मोतिमपुर में सरपंच के पद के लिए कोई प्रत्याशी नहीं खड़ा नहीं हुआ, जिसके चलते यहां सरपंच पद रिक्त रह गया है।

### कुरूद में 93 व मगरलोड में 88 प्रतिशत मतदान हुआ

कुरूद ब्लाक में पंच पद के लिए सर्वाधिक 5 पदों के लिए मतदान हुआ। यहां के पांच मतदान केंद्रों में कुल 530 मतदाता थे जिसमें से 238 ने मतदान किया। 12 ने मतदान नहीं किया। यहां मतदान 92.64 प्रतिशत हुआ। धमतरी ब्लाक में एक सरपंच और एक पंच के लिए मतदान हुआ। यहां के कुल 4 मतदान केंद्रों में 1798 मतदाता थे, जिसमें से 1585 ने मतदान किया। मतदान का प्रतिशत 88.15 रहा। मगरलोड में एक पंच के लिए एक मतदान केंद्र में मतदान हुआ। यहां पर 48 मतदाता थे, जिसमें से 43 ने मतदान किया। मतदान का प्रतिशत 88 रहा।

# पानी के बिना नर्सरी के 1300 पौधे मरने की कगार पर



- धान के कटोरा उत्पादक समिति ने 1.50 लाख की लागत से नर्सरी तैयार की, मोटरपंप खराब, फसल चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आजीविका संवर्धन के लिए शासन - प्रशासन अनेक उपाय कर रहे हैं लेकिन आजीविका संवर्धन में आने वाली समस्याओं का निराकरण नहीं होने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से पहले ही योजना फ्लाप हो जाती है। ऐसा ही एक मामला कुरूद विखं के ग्राम परखंदा से सामने आया है। धान के कटोरा उत्पादक समिति परखंदा की महिला समूह ने कलेक्टर को आवेदन कर आवंटित नवीन नर्सरी में पानी की व्यवस्था नहीं करने से फसल चौपट होने की शिकायत की है। समूह ने कलेक्टर से नवीन बोर खनन एवं मोटर पंप लगाने की गुहार लगाई है।

धान के कटोरा उत्पादक समिति की अध्यक्ष टुकेश्वरी साहू, सचिव वत्सला साहू, त्रिवेणी साहू, किरण साहू, रेवती मानिकपुरी ने बताया कि शासन की योजना से प्रभावित होकर अपनी आजीविका बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से गांव की 6 एकड़ नर्सरी में आम, जामुन, करौंदा, कटहल, सीताफल, जाम के 1300 पौधों का रोपण किया गया था, वहीं पादप बोर्ड के मार्गदर्शन में 2.5 एकड़ में औषधि पौधे खस का रोपण 10 माह पूर्व किया गया जिसमें समूह को करीब 1.50 लाख रुपये का खर्च आया है।

महिलाओं ने बताया कि तीन माह से नर्सरी का मोटरपंप बंद है। इससे नर्सरी में लगाए गए पौधे मरने लगे हैं। इसकी जानकारी समिति ने ग्राम पंचायत को दी। अनुबंध के अनुसार ग्राम पंचायत परखंदा में नवीन डगबोर खनन नहीं किया गया। इसकी जानकारी जनपद पंचायत कुरूद को दी गई लेकिन बोर खनन को लेकर किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं हुई है। यही हाल रहा तो समूह कर्ज में चला जाएगा। समिति ने कलेक्टर को लिखे आवेदन में पर्याप्त पानी के लिए नवीन बोर खनन कर पांच एचपी का मोटरपंप लगाने की मांग की है।

## अर्जुन रेसीडेंसी में लगातार दो दिन, दो घरों में हुई थी चोरी

# पखवाड़ेभर बाद भी चोर पुलिस की पकड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा रोड स्थित अर्जुन रेसीडेंसी के दो मकान में चोरी कर फरार चोरों की पखवाड़े भर बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि अर्जुनी रेसीडेंसी निवासी आशीष भट्टाचार्य 10 मई को घर में ताला लगाकर परिवार के साथ आईपीएल मैच देखने रायपुर गया था। मैच देखने के बाद आशीष अपने ससुराल में रूक गया। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर पर धावा बोल दिया। चोर गेट का ताला तोड़ खिड़की का ग्रिल काटकर भीतर प्रवेश कर दो कमरों में रखी आलमारियों से 2 लाख रूपये नकदी, सोने-चांदी की ज्वेलरी सहित चांदी के पुराने सिक्कों की चोरी कर फरार हो गए। घटना की दूसरी रात्रि अज्ञात चोरों ने फिर अर्जुन रेसीडेंसी के दूसरे सूने मकान को निशाना बनाया। चोर शिक्षिका के सूने मकान में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी व जेवरों पर हाथ साफ कर फरार हो गए। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी लेकिन पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। कुरूद व भखारा के शीतला मंदिरों में भी चोरी की वारदात हुई है। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने समीक्षा बैठक लेकर थाना प्रभारियों को अज्ञात चोरों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई।



### बाहरी गैंग का हाथ : सीएसपी

इस संबंध में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी का कहना है कि चोरी में बाहरी गैंग का हाथ है। दुर्ग पुलिस द्वारा बीते दिनों चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है लेकिन उस गिरोह में धमतरी में चोरी करने वाले चोर नहीं है। उसी के गिरोह के अन्य लोगों ने कॉलोनी में चोरी की है। हालांकि उनमें से कुछ पकड़ में आ गए हैं। जल्द ही पूरे गिरोह को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महानदी में अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, पांच चेन माउंटेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- अवैध खनन से जुड़े लोगों में मचा हड़कंप

मुख्यमंत्री के अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद धमतरी जिले में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता एवं जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने 31 मई की देर रात औचक निरीक्षण कर महानदी में चल रहे अवैध रेत उत्खनन का भंडाफोड़ किया।

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग के सचिव एवं संचालक के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम नारी स्थित महानदी में पांच चेन माउंटेन मशीनें रेत उत्खनन कार्य में संलग्न पाई गईं। जांच के दौरान मशीन संचालकों द्वारा रेत उत्खनन से संबंधित किसी प्रकार की वैध अनुमति या आदेश प्रस्तुत नहीं किया जा सका। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर अधिकारियों ने इसे अवैध खनिज उत्खनन मानते हुए कार्रवाई की। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत पांचों मशीनों को जब्त कर सील कर दिया गया। साथ ही मशीनों के मुख्य द्वार पर नोटिस चस्पा कर संबंधित पक्षों से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।




कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक संसाधनों की अवैध लूट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी इस तरह की संयुक्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## निजी वाहनों के किराए में बढ़ोतरी, 10 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि

# पेट्रोल-डीजल महंगा, बसों के फेरे कम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमत का असर अब जिले के जनजीवन और परिवहन व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। ईंधन महंगा होने से निजी बस संचालकों ने कई रूटों पर बसों के फेरे कम कर दिए हैं, वहीं निजी वाहनों के किराए में भी बढ़ोतरी होने लगी है। इसका सीधा असर आम यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रहा है।

बस संचालक एसो. के महावीर प्रसाद गुप्ता के अनुसार डीजल की कीमत बढ़ने से संचालन लागत में काफी इजाफा हुआ है। धमतरी से रायपुर, दुर्ग, महासमुंद और नगरी सहित विभिन्न रूटों पर चलने वाली कई बसों के फेरे घटा दिए गए हैं। लोकल रूट पर चलने वाली अनेक बसें इन दिनों नए बस स्टैंड में खड़ी नजर आ रही हैं। बस ऑपरेटरों का कहना है कि पहले की तुलना में डीजल पर प्रतिदिन हजारों रुपये अधिक खर्च हो रहे हैं, जबकि यात्रियों की संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है। ऐसे में कई बसों का संचालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है।



ईंधन महंगाई का असर निजी यातायात सेवाओं पर भी पड़ा है। कार संचालकों ने दूरी के हिसाब से किराए में 10 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी है। रायपुर एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को पहले की अपेक्षा अधिक किराया देना पड़ रहा है।

नगर निगम की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। ईंधन खर्च बढ़ने के कारण सफाई वाहनों में डीजल की खपत कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटर की मांग बढ़ी है। वाहन विक्रेताओं का कहना है कि कम खर्च और बेहतर बैटरी बैकअप के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

व्यापारियों के मुताबिक माल ढुलाई महंगी होने से किराना, सब्जी और निर्माण सामग्री के दामों पर भी असर पड़ने लगा है। यदि ईंधन की कीमत में जल्द राहत नहीं मिली तो इसका प्रभाव आम लोगों की जेब और बाजार दोनों पर और अधिक पड़ सकता है।

# ट्रेड लाइसेंस कानून को रद्द करने की मांग



- कैट व्यापारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कैट व्यापारी संघ ने ट्रेड लाइसेंस के नए कानून को हटाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। सोमवार को कैट व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेश जसूजा, सुरेश महावर, धनराज लूनिया, प्रमोद गुप्ता, रवि मुंजवानी, दिलीप सुंदरानी, संकेत बरडिया, अमित रामानी ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि व्यापारियों को नया कानून ट्रेड लाइसेंस जारी करने का आदेश हुआ है। पहले से ही व्यापारियों को जीएसटी एवं ऑनलाइन, ई-कॉमर्स आदि के कारण व्यापार में काफी नुकसान हो रहा है। नए कानून ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से व्यापार की हालत और खराब हो जाएगी। जीविकोपार्जन में समस्या आयेगी। बेरोजगारी भी बढ़ेगी। उन्होंने नया कानून ट्रेड लाइसेंस को हटाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुकेश नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में आगामी मानसून में जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसमें जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण के लिए मुकेश कुमार देवांगन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह तहसील स्तर पर पंचराम सलामें तहसीलदार बीजापुर, प्रियंका बंजारा तहसीलदार भैरमगढ़ , लक्ष्मण राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, देवनंदन टंडन तहसीलदार उसूर, सूर्यकांत धरत प्रभारी तहसीलदार कुटरू, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर। बाढ़ अथवा अन्य आपदा संबंधी किसी भी आपात स्थिति में संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### सामूहिक छुट्टी के कारण तहसील में कामकाज ठप

**दुर्गूकोंदल।** नायब तहसीलदार तुषार मानिक प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में सोमवार को प्रदेशभर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सामूहिक अवकाश पर रहे। इसके चलते दुर्गूकोंदल तहसील सहित प्रदेश के सभी तहसील कार्यालयों में राजस्व कार्य प्रभावित रहे। राजस्व न्यायालयों की सुनवाई, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, भूमि सत्यापन एवं अन्य सेवाएं बाधित रहीं। दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों और किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा।

### हवाई अड्डों से नियमित उड़ान हो रही संचालित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के अंतर्गत जगदलपुर, बिलासपुर एवं अम्बिकापुर हवाई अड्डों से विभिन्न गंतव्यों के लिए नियमित विमान सेवाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यालय संभागायुक्त बस्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर हवाई अड्डा से रायपुर एवं हैदराबाद, बिलासपुर हवाई अड्डे से अम्बिकापुर, प्रयागराज और कोलकाता तथा अम्बिकापुर हवाई अड्डे से दिल्ली, कोलकाता और बिलासपुर की नियमित विमान सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं।

## निधन

### खेदीबाई साहू



**धमतरी।** ग्राम खरेंगा निवासी श्रीमती खेदीबाई साहू का निधन 31 मई रविवार को हो गया। अंतिम संस्कार 1 जून को हुआ। वह राकेश साहू, हिरेंद्र साहू जिला सचिव साहू संघ धमतरी की मां थीं। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### राजाराम मरकाम



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बगोडार निवासी राजाराम मरकाम का 30 मई को हृदयाघात से निधन हो गया। वह पोखन मरकाम के पिताजी थे। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

# जल संरक्षण से बदली ग्रामीण तस्वीर, रोजगार के भी खुले नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में संचालित मोर गांव, मोर तरिया और मोर गांव, मोर पानी अभियान ग्रामीण विकास की नई मिसाल बनकर उभर रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से जहां परंपरागत जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन किया जा रहा है, वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है।

शासन की मंशा के अनुरूप तालाब गहरीकरण, मेड़बंदी, नाला उपचार, जलस्त्रोतों की सफाई और वर्षा जल संचयन जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। वर्षों से उपेक्षित पड़े तालाबों और जलस्त्रोतों के जीर्णोद्धार से उनकी जलधारण क्षमता बढ़ी है, जिससे सिंचाई, पशुपालन और दैनिक उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता बेहतर हुई है। ग्रामीणों का मानना है कि इन प्रयासों से भविष्य में जल संकट की समस्या काफी हद तक कम हो सकेगी। अभियानों का सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों में बड़ी संख्या में श्रमिकों को गांव में ही रोजगार मिल रहा है, जिससे पलायन में कमी आई है और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत जल संचयन संरचनाओं के निर्माण और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कई गांवों में ग्रामीण स्वयं जल संरक्षण कार्यों में भागीदारी निभा रहे हैं।

### वर्षों से उपेक्षित तालाबों और जलस्त्रोतों का हो रहा जीर्णोद्धार



#### जल संरक्षण बना जन आंदोलन

इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जल संरक्षण और ग्रामीण रोजगार एक-दूसरे से जुड़े विषय हैं। उन्होंने कहा कि इन अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो सके। गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्यों को पूरा कर ग्रामीणों को अधिकतम लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है।

### मैंगो फेस्टिवल में आम की विभिन्न उन्नत किस्में, गुणवत्ता की मिली जानकारी

# उन्नत खेती की तकनीकों से रूबरू हुए किसान, बढ़ी आय की नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी






किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि एवं खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से एचडीएफसी वाटर परियोजना अंतर्गत प्रदान संस्था द्वारा एक्सपोजर विज़िट का आयोजन किया गया। इस अध्ययन भ्रमण में नगरी क्षेत्र के 25 किसानों ने भाग लेकर मैंगो फेस्टिवल, उन्नत नर्सरी प्रबंधन तथा आधुनिक सब्जी उत्पादन मॉडल का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान किसानों ने मैंगो फेस्टिवल में आम की विभिन्न उन्नत किस्म, उनकी गुणवत्ता, बाजार मांग एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने की रणनीतियों की जानकारी प्राप्त की। सफल कृषकों एवं उद्यमियों से संवाद कर किसानों ने समझा कि वैज्ञानिक खेती, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और बेहतर विपणन व्यवस्था के माध्यम से खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदला जा सकता है।

किसानों ने सीबी क्रॉप नर्सरी का भ्रमण किया, जहां विशेषज्ञों द्वारा ग्राफ्टेड एवं नॉन-ग्राफ्टेड पौध तैयार करने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। किसानों ने नर्सरी प्रबंधन, पौध उत्पादन एवं खरीफ फसलों की तैयारी की उन्नत प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा और समझा।

भ्रमण का मुख्य आकर्षण लगभग 400 एकड़ में विकसित इंटेंसिव वेजिटेबल कल्टीवेशन मॉडल रहा। यहां 200 एकड़ में खीरा तथा 200 एकड़ में करेला एवं अन्य सब्जियों की व्यावसायिक खेती की जा रही है। फार्म प्रबंधन टीम ने किसानों को उत्पादन, फसल प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण तथा बाजार तक पहुंच की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। किसानों ने देखा कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और बाजार से सीधा जुड़ाव खेती को रोजगार और आय का मजबूत माध्यम बना सकता है।

#### नई प्रेरणा और आत्मविश्वास बढ़ा

किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह भ्रमण उनके लिए केवल एक अध्ययन यात्रा नहीं, बल्कि नई संभावनाओं और अवसरों को समझने का सशक्त मंच साबित हुआ। इस अनुभव से उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, फसल विविधीकरण करने तथा अपनी आय बढ़ाने के लिए नई प्रेरणा और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ।

# शंकरदाह की बेटी बनी अग्निवीर, हुआ सम्मान



■ मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से लक्ष्य हासिल होता है : रमी गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत शंकरदाह-हरफतराई की लीनिमा पिता गुलशन साहू का चयन भारतीय सेना की अग्निवीर (थल सेना) भर्ती में होने पर ग्राम पंचायत द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लीनिमा पंचायत की पहली युवती हैं, जिन्होंने अग्निवीर बनकर गांव, क्षेत्र और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

सम्मान समारोह में ग्रामवासियों ने लीनिमा साहू को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच रमी गौतम ने कहा कि लीनिमा की उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उपसरपंच विनोद डिंडोलकर ने कहा कि ग्राम पंचायत शंकरदाह-हरफतराई की पहली बेटी के रूप में अग्निवीर बनने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लीनिमा की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी की बेटियों को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

कार्यक्रम में अनीता बेर, महेश लहरे, रामलाल ध्रुव, नंदकुमार, कुंती बाई, मीना ध्रुव, बिमला साहू, रेवती बंजारे, नागेश्वरी ध्रुव, गीता साहू समेत शंकरदाह हाईस्कूल की शिक्षिकाएं तारामति वैद्य, मोनिका शाह एवं प्रतिमा देशमुख व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

■ 4 मामलों में 5 आरोपी गिरफ्तार




जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ धमतरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भखारा, मगरलोड और कुरूद थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त दो वाहन भी जब्त किए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

भखारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एएस 9740 को रोककर तलाशी ली। इस दौरान आरोपी दिनेश साहू (32) और वेदप्रकाश सेन (23) निवासी ग्राम बगदेही के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब और स्कूटी सहित कुल 52,400 रुपये का मशरूका जब्त किया।

भखारा पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में ग्राम हंचलपुर क्षेत्र से अवैध महुआ शराब बेच रही हेमेश्वरी बंजारे (41) निवासी कोपेडीह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब जब्त की गई।

इसी क्रम में मगरलोड पुलिस ने ग्राम परसाबुड़ा कमारपारा पुलिया के पास छापेमार कार्रवाई कर बलराम कमार (27) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई।

वहीं कुरूद पुलिस ने घेराबंदी कर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एटी 9842 से अवैध शराब परिवहन कर रहे नोहर सिंह साहू (35) निवासी बगदेही को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 40 पौवा देशी मसाला शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई।

# 15.25 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2, 3 एवं 4 में लगभग 15.25 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड, नाली निर्माण एवं शौचालय कक्ष निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। निर्माण कार्य की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं उपाध्यक्ष विकास बोहरा के प्रयास से इन विकास कार्यों को स्वीकृति मिली।

विकास कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग सभापति अश्विनी निषाद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर पंचायत की प्राथमिकता है। इन कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मौके पर सभापति शंकरलाल देव, वार्ड पार्षद देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल, गणेश मरकाम, द्वारूराम नेताम, बसंत साहू, बनवाली सेन समेत नगर पंचायत के इंजीनियर परमेश ध्रुव, कर्मचारी कमल सिन्हा एवं प्रवीण सोम मौजूद थे।

# विद्युत कटौती से ग्रामीण हो रहे परेशान

■ समस्या का जल्द समाधान नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

विद्युत उपकेंद्र भखारा बेल्ट अंतर्गत आने वाले ग्राम बगदेही, भेंडरवानी, देवरी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण लगातार हो रही विद्युत कटौती से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम बगदेही के अमित साहू, उमाशंकर साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार और बिना सूचना के होने वाली बिजली कटौती से रात में लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाती, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रात के किसी भी समय बिजली बंद कर दी जाती है, जिसके कारण लोग घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर टहलते नजर आते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न रहने से महिलाओं को भोजन बनाने और घरेलू कार्यों में भी काफी परेशानी होती है। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र विद्युत कटौती पर रोक लगाने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### देवेंद्र बने साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

**सिर्री।** तहसील साहू संघ कुरूद के युवा प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। तहसील साहू संघ कुरूद के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं पदाधिकारियों की अनुशंसा और सहमति से युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग साहू ने समाज के सक्रिय, ऊर्जावान और निष्ठावान युवाओं को टीम में शामिल करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। मौरीखुर्द के देवेन्द्र साहू को उपाध्यक्ष बनाया है। उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर देवेन्द्र ने तहसील साहू समाज के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुराग साहू समेत समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती व उत्थान के लिए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। देवेन्द्र के उपाध्यक्ष बनने पर साहू समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं ने हर्ष जताया है।

### आईटीआई करेली बड़ी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड




शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था करेली बड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 और 2026-28 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। क्षेत्र के ऐसे युवा जो विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (ट्रेड्स) में प्रवेश लेकर आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, वे विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून की रात्रि 11:59 बजे तक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। संस्था प्रमुख धारणा साहू ने बताया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदक अपने फॉर्म में हुई किसी भी प्रकार की त्रुटि या ट्रेड प्राथमिकता क्रम में सुधार कर सकते हैं। एनआईसी द्वारा 16 जून को प्रथम मेरिट व चयन सूची जारी की जाएगी। इस सूची के चयनित आवेदकों को 23 से 25 जून के बीच संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रथम चरण के बाद रिक्त सीटों के लिए द्वितीय चरण का प्रवेश 4 जुलाई से 7 जुलाई तथा तृतीय चरण का प्रवेश 13 से 15 जुलाई तक संचालित किया जाएगा।

### ग्राम गोबरा में पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

# गोबरा में महेश ने 15 मतों से हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



कुरूद विकासखंड अंतर्गत 1 जून को ग्राम पंचायत गोबरा में पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण हुआ। वार्ड क्रमांक 8 के लिए पंच का चुनाव हुआ। इसके लिए 3 उम्मीदवार महेश कुमार साहू, रामजी साहू, टिकेश्वर नगारची मैदान पर थे। पीठासीन प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। मतदान के पश्चात मतों की गणना की गई जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी महेश कुमार साहू ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी रामजी साहू सरपंच पति सहित एक और उम्मीदवार को हराते हुए 41 मत प्राप्त किए। कुल मतों की संख्या 75 रही जिसमें रामजी साहू सरपंच पति को 26 मत और टिकेश्वर नगारची मात्र 8 मत में ही सिमटकर रह गए।

विदित हो कि महेश कुमार साहू, लकेश्वर कुमार साहू जिलाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के छोटे भाई हैं। उन्होंने 15 मतों से जीत हासिल की है।

रोशन चंद्राकर चुनाव प्रभारी एवं कांग्रेस सिर्री मंडल, चंद्रप्रकाश देवांगन महामंत्री प्रशासनिक एवं संगठन प्रभारी, गुरुदेव महिपाल उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कुरूद समेत कई ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। महेश कुमार की जीत पर लोगों ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां भी बांटी।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### बस्तर मुन्ने नियद नेल्लानार शिविर में समस्याओं का हुआ निराकरण

दुर्गुकोंदल। सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने नियद नेल्लानार 2.0 के तहत दुर्गुकोंदल क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दुर्गूकोंदल, करांमाड़, हानपतरी, भंडारडिग्गी एवं सिंहारी ग्रामों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतों एवं मांगों का त्वरित निराकरण करते हुए योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विशिष्ट अतिथि जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विजय पटेल ने कहा कि महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आर्थिक उन्नति के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाएं अत्यंत लाभकारी साबित हो रही हैं। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे, बीआरसी लतीप सोम, मत्स्य अधिकारी शेखर चिंतुर, खाद्य अधिकारी लता कोसमा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तपती दोपहरी में भी महतारी वंदन के ई-केवाईसी के लिए लग रही भीड़

केशकाल। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए ई केवाईसी अनिवार्य किए जाने के बाद महिलाओं की भीड़ सीएससी और चॉइस सेंटर में बढ़ने लग गई है। शासन द्वारा 30 जून तक ई केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ई केवाईसी नहीं होने की स्थिति में योजना की राशि प्रभावित होने की आशंका के चलते महिलाएं तपती दोपहर में भी केन्द्रो तक पहुंच रहे है। योजना के तहत मिलने वाले एक हजार रुपए की मासिक सहायता राशि महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी हुई है, खासकर जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं इस राशि का उपयोग घरेलू जरूरतो के लिए कर रही है।हालांकि बार-बार होने वाली प्रक्रियाओं से महिलाओं में परेशानी देखी जा रही है। कई महिलाएं यह आशंका जता रही है कि यदि समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो उनका नाम योजना से कट सकता है..। सीएससी केंद्र संचालक चुम्मन लाल बघेल ने बताया कि ई केवाईसी का कार्य जिले के चिन्हित सीएससी केन्द्रो और आंगनबाड़ी केंद्रों की ईद के माध्यम से निशुल्क किया जा रहा है। इसके लिए केंद्र मे लेपटॉप और बायोमेट्रिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, आगे चुम्मनबघेल ने बताया कि वर्तमान प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड और महतारी वंदन योजना का पंजीयन नंबर अनिवार्य है, प्रक्रिया सरल होने के बावजूद महिलाओं को बार-बार चॉइस सेंटर और आंगनबाड़ी केन्द्रो के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं ।

# जगदगुरु आदि शंकराचार्य ऑडिटोरियम जल्द होगा जनता को समर्पित

**लोक निर्माण विभाग सभापति मोटवानी ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा, दिए आवश्यक निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के कला प्रेमियों और नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही ऑडिटोरियम की मांग अब जल्द पूरी होने जा रही है। सिहावा चौक स्थित पुराने गर्ल्स कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन जगदगुरु आदि शंकराचार्य ऑडिटोरियम का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धमतरी में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के लिए एक आधुनिक ऑडिटोरियम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में इसकी स्वीकृति मिली थी, लेकिन बीच में कार्य प्रभावित रहा। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद तथा महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में इस परियोजना को पुनः गति प्रदान की गई। भाजपा की प्रथम महापौर अर्चना चौबे एवं तत्कालीन सभापति राजेंद्र शर्मा द्वारा इसका भूमिपूजन किया गया था। श्री मोटवानी ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है। हाईटेक बस स्टैंड, चौपाटी, इंडोर खेल परिसर, सड़क चौड़ीकरण, डामरीकरण, पुल-पुलिया निर्माण तथा नालियों के पुनर्निर्माण जैसे कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद आशा लोधी, नंदू लोधी, आर्किटेक्ट प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



**500 सीटों वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बन रहा**

निरीक्षण के दौरान विजय मोटवानी ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस ऑडिटोरियम में लगभग 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। सेंट्रलाइज्ड वातानुकूलन, 4D वॉल साउंड सिस्टम, फायर फाइटिंग सिस्टम, आकर्षक गार्डनिंग तथा आगंतुकों और विशिष्ट अतिथियों के लिए सर्वसुविधायुक्त वीआईपी लाउंज का निर्माण किया जा रहा है। भवन को आकर्षक स्वरूप देने के लिए एसीपी वर्क भी कराया जा रहा है।

## स्वच्छता से जुड़े सभी मानकों की बेहतर हो रही निगरानी

# स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी हुई तेज शहर में विशेष सफाई अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए नगर निगम ने शहर में व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से वार्डों, मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगम प्रशासन का कहना है कि स्वच्छता से जुड़े सभी मानकों को बेहतर बनाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

नगर निगम की टीम सुबह से ही विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य में जुटी हुई है। सड़कों की सफाई, कचरा उठाव, नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है ताकि कहीं भी गंदगी या अव्यवस्था दिखाई न दे।

इसके अलावा घर-घर से कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई तथा उनके रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग कर शहर को बेहतर रैंक दिलाने में अपनी भूमिका निभाएं।

नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों की श्रेणी में शामिल करना है। इसी उद्देश्य से सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन को उम्मीद है कि नागरिकों के सहयोग और सतत प्रयास से धमतरी स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करेगा और शहर की पहचान एक स्वच्छ एवं जागरूक नगर के रूप में और मजबूत होगी।

**जनभागीदारी पर दिया जा रहा विशेष जोर**

निगम प्रशासन का मानना है कि केवल सरकारी प्रयासों से स्वच्छता का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। इसी कारण नागरिकों को भी अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता संदेश लिखे जा रहे हैं तथा लोगों को कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



**स्वच्छता मानकों के आधार पर होगा मूल्यांकन**

स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत शहरों का मूल्यांकन कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर किया जाएगा। इसमें सड़क और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा संग्रहण एवं परिवहन व्यवस्था, जल निकासी तंत्र, नागरिक सहभागिता और जनजागरूकता गतिविधियों को प्रमुखता से देखा जाएगा। सफाई कर्मचारियों के कल्याण तथा संस्थागत व्यवस्थाओं को भी मूल्यांकन में शामिल किया गया है।

# जलभराव और सड़क समस्या को लेकर जनपद सभापति ने उठाई आवाज

- लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जनपद पंचायत धमतरी की कृषि स्थायी समिति के सभापति अग्रवाल (अमन) साहू ने क्षेत्र की दो प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने ग्राम पंचायत खपरी में जलभराव की समस्या तथा भानपुरी-तरसींवा मार्ग की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए शीघ्र समाधान की आवश्यकता बताई है।

सभापति श्री साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत खपरी में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा कई स्थानों पर जलभराव की आशंका बनी रहती है। उन्होंने गुरुचरण साहू के घर से बाईपास मार्ग तक तथा पंचायत भवन से बाईपास सड़क तक दोनों ओर पक्की नाली निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने भानपुरी से तरसींवा मार्ग की खराब स्थिति की ओर भी विभाग का ध्यान आकर्षित किया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरों, स्कूली छात्र-छात्राओं और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है।

श्री साहू ने जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों से सड़क की तत्काल मरम्मत और आवश्यक सुधार कार्य कराने का आग्रह किया है।

# सड़क से पिकअप गायब संचालक आंदोलन पर




- परिवहन भाड़ा की दर में संशोधन करने की मांग

**धमतरी।** वर्षों से परिवहन भाड़ा की दरों में संशोधन नहीं होने और लगातार महंगाई से नाराज पिकअप वाहन चालक संघ ने आंदोलन की राह चुन ली है। पुरानी कृषि उपज मंडी में उनका आंदोलन जारी है। आंदोलनकारियों ने बताया कि डीजल, टायर, स्पेयर पार्ट्स, वाहन मरम्मत, बीमा और अन्य संचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन परिवहन भाड़ा नहीं बढ़ा है। इससे वाहन चलाना और परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। पिकअप चालक संघ के सदस्यों ने बताया कि बढ़ती लागत के कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान भाड़ा दरों में वाहन संचालन करने पर उनका गुजारा नहीं हो पा रहा है। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना और परिवार चलाना चुनौती बन गया है। संघ ने परिवहन भाड़ा दरों में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि वे वर्षों से व्यापारियों और राइस मिल संचालकों को सेवाएं दे हैं, लेकिन बढ़ती महंगाई के बीच पुराने भाड़े पर काम करना अब संभव नहीं हो पा रहा है। जितना भाड़ा मिलता है उतना तो डीजल और गाड़ी के मेंटनेंस में निकल जाता है। उनकी मांग है कि धमतरी से दूरस्थ क्षेत्र के लिए 60 रूपये प्रति क्विंटल और धमतरी-रायपुर और रायपुर-धमतरी मार्ग के लिए 70 रुपये प्रति क्विंटल भाड़ा निर्धारित किया जाए। इस संबंध में व्यापारियों और राइस मिल संचालकों को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया जाता है, तब तक वे अपने वाहन नहीं चलाएंगे।

# शिक्षकों को नई दिशा देने जुटे विशेषज्ञ

- निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ की दो दिवसीय संवर्धन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के निजी विद्यालयों के शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ द्वारा दो दिवसीय टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 1 एवं 2 जून को मिलेनियम स्कूल में किया गया है।

कार्यक्रम के पहले दिन 1 जून को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार का व्याख्यान हुआ। सोमन साहू ने आदर्श शिक्षक बनने, पाठ योजना के महत्व एवं शिक्षण को रोचक बनाने के विषय पर मार्गदर्शन दिया। दिल्ली से आए आलोक प्रताप सिंह ने वैज्ञानिक सोच विकसित करने, एनसीएफ एवं नई शिक्षा नीति आधारित शिक्षण पद्धति तथा शिक्षक-छात्र संबंध, आत्मविश्वास और शिष्टाचार जैसे विषयों पर प्रशिक्षण शिक्षकों को दिया। गेम्स के माध्यम से उन्होंने बेसिक शिक्षा पर फोकस डाला। तरुण कुमार ने लेखन कौशल विकसित करने की विभिन्न तकनीकों की जानकारी देंगे। अंतिम सत्र में मानसा मुंजवानी पठन कौशल, फॉनिक्स, सार्वजनिक भाषण एवं संचार कौशल पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में दिल्ली, पुणे, बेमेतरा से ट्रेनर पहुंचे हुए हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी, जिला अध्यक्ष तरूण भांडे, उपाध्यक्ष भूपेश चौधरी, सोमन साहू, चूड़ामणि साहू, मोहन सोनी, सचिव गजेन्द्र पटेल, सहसचिव विशेष लखोटिया सहित बसंत गजेन्द्र, मुकेश राव नन्नावरे, गोपाल साहू, राकेश साहू, पवन साहू, अवधेश सिंग मौर्य, महेन्द्र यादव, हितेन्द्र साहू, कमलेश राठौर, दिनेशपुरी गोस्वामी, नीलू चंद्राकर, तिहारूराम सिन्हा, पारखदास मानिकपुरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष तरूण पांडे सहित विभिन्न निजी स्कूलों से प्रतिनिधि मौजूद थे।



**पुस्तिकीय ज्ञान के साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी : एसपी**

पुलिस कप्तान सूरज सिंह परिहार ने कहा कि आधारभूत शिक्षा बच्चों से शुरूआत होनी चाहिए। बच्चों में संस्कार जरूरी है। अधिकारों को सभी जानते हैं लेकिन कर्तव्य भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी है।

**शिक्षकों को शिक्षण कौशल में सशक्त बनाना है : भांडे**

संघ के जिलाध्यक्ष तरूण कुमार भांडे ने बताया कि दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला रखी गई है जिसका उद्देश्य शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे व्यवहारिक जिम्मेदार एवं सामाजों उपयोगी बनाना है। प्रशिक्षण में निजी विद्यालय के 120 से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

# श्रमिकों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



- विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बोरिदखुर्द में जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन धमतरी के निर्देशन में शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान संचालित नशा मुक्ति केंद्र गोकुलपुर द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रविवार को ग्राम बोरिद खुर्द में जागरूकता कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ।

मनरेगा कार्यस्थल पर आयोजित कार्यक्रम में सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों की उपस्थिति में श्रमिकों को तंबाकू एवं धूम्रपान के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू केवल धुआं नहीं, बल्कि एक धीमा जहर है, जो फेफड़ों, हृदय, गले और मुंह के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बनता है। एक सिगरेट से 7 हजार से अधिक रसायन निकलते हैं, जिनमें लगभग 70 कैंसर उत्पन्न करने वाले होते हैं। विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 80 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन के कारण होती है। कार्यक्रम में श्रमिकों को धूम्रपान और तंबाकू सेवन छोड़ने का संकल्प दिलाते हुए नो स्मोकिंग टुडे, नो स्मोकिंग एवर का संदेश दिया गया। सभी ने शपथ ली कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे और न ही दूसरों को इसके लिए प्रेरित होने देंगे। इस अवसर पर प्रबंधक सरिता यादव एवं काउंसलर नोमेश साहू ने नशा मुक्ति केंद्र की गतिविधियों एवं सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में संतोष नंदेश्वर, निहाल पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे। संस्था ने एक स्वस्थ भारत, तंबाकू मुक्त भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# बच्चों ने सीखे हस्तकला, कबाड़ से जुगाड़ एवं आत्मरक्षा के गुर

- मातृभूमि कर्मचारी संगठन द्वारा आयोजित समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम परसवानी में मातृभूमि कर्मचारी संगठन के तत्वावधान में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन 26 मई से 1 जून तक किया गया।

समापन अवसर पर संगठन की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता यादव ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना है। कैंप में ग्राम एवं आसपास के लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया।

सात दिवसीय कैंप में बच्चों को योग-व्यायाम, चित्रकला, संगीत, नृत्य, नाटक, सामान्य ज्ञान, नैतिक शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाओ जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को हस्तकला, कबाड़ से जुगाड़ एवं आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। बच्चों द्वारा संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों को पुरस्कार स्वरूप जितेंद्र कुमार साहू के द्वारा गुल्लक प्रदान सम्मानित किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि दरबारी राम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समर कैंप में यूपीएससी क्वालिफाइड गांव के हीरा डायमंड सिंह ध्रुव को आमंत्रित किया गया। उन्होंने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में संगठन के सचिव घनश्याम साहू, कोषाध्यक्ष नरेंद्रकुमार साहू, सरपंच चन्द्रिका कंवर, कार्यक्रम संयोजक खेमिन कंवर, गौतम साहू, संजीव बंजारे, ओडी बंजारे, श्रीमती अम्बिका सूर्यवंशी समेत ग्रामवासियों विशेष सहयोग रहा।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समर कैंप आयोजित

**अंवरी।** ग्रामीण साहू समाज बगौद के तत्वावधान में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया। अलग-अलग दिवस पर बच्चों को रचनात्मक कार्य चित्रकारी, पेंटिंग, मूर्ति कला,मुखौटा निर्माण, योगा आदि नवाचार सिखाए गए। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य एवं आचार्यगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन समारोह के अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज बगौद के अध्यक्ष नरसिंह साहू, संरक्षक रिखीराम साहू, संस्थापक कृष्णालाल साहू, सलाहकार हीराराम साहू, सचिव बीरेंद्र साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लीलाराम साहू, उपाध्यक्ष देवेन्द्र साहू, सरपंच श्रीमती दशोदा साहू एवं पंचगणों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र साहू सहसचिव ने किया।





HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## जुनवानी की पानी टंकी में दरार, टूटी पाइपलाइन और जलापूर्ति है बाधित

**सरोना।** गांव का विकास, हमारा विश्वास थीम पर आयोजित सुशासन तिहार शिविर में विकास कार्यों की उपलब्धियों से अधिक ग्रामीणों की समस्याएं चर्चा का विषय बन गईं। जुनवानी और आसपास के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने पेयजल संकट, जर्जर पानी टंकियों और अधूरी नल-जल योजना को लेकर खुलकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि करोड़ों की योजनाएं कागजों में सफल दिख रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में लोग आज भी पानी के लिए परेशान हैं। जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी में आयोजित बस्तर मुन्ने सुशासन तिहार 2026 के क्लस्टर स्तरीय शिविर में ग्रामीणों ने पेयजल संकट और अधूरी व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की। शिविर में छह ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष सोमन कावड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि ग्राम पंचायत जुनवानी की सरपंच ईश्वरी कोर्राम ने अध्यक्षता की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी, लेकिन चर्चा का केंद्र पेयजल व्यवस्था की खामियां बनी रहीं। ग्रामीण प्रतिनिधि नंदकुमार सिन्हा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि गांव में नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी और पाइपलाइनें अपेक्षित लाभ नहीं दे पा रही हैं। कई स्थानों पर पाइपलाइन टूट चुकी है, जिससे जलापूर्ति बाधित हो रही है, वहीं पानी टंकी में आई दरारों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने पूर्व माध्यमिक शाला जुनवानी में स्थापित पानी टंकी की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि हर घर नल-जल योजना का लाभ प्रत्येक परिवार तक पहुंचना चाहिए, लेकिन कई घर आज भी नियमित पानी से वंचित हैं। जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## दुर्गूकोंदल की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन व दी आंदोलन की चेतावनी

**भानुप्रतापपुर।** दुर्गुकोंदल क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यों में कमीशनखोरी की जा रही है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही दुर्गुकोंदल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को समय-सीमा पार एवं एक्सपायरी दवाइयां वितरित किए जाने का आरोप लगाते हुए संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। किसानों को कृषि कार्य के लिए समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा गया कि वर्तमान में किसानों को आवश्यक कृषि सामग्री समय पर नहीं मिल पाने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यदि 1 जून से 7 जून तक मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो 8 जून से दुर्गुकोंदल बस स्टैंड के मुख्य मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं सड़क जाम आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# सड़कों में आवारा कुत्तों और बाजारों में मवेशियों से बढ़ी परेशानी

## यातायात और जनसुरक्षा पर मंडराया खतरा, स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में आवारा कुत्तों और बेसहारा मवेशियों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बन रही है। मुख्य सड़कों, बाजारों, चौक-चौराहों और रिहायशी इलाकों में इनकी मौजूदगी से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

नागरिक राहुल गुरूपंचायन, प्रकाश शर्मा, नीलू साहू ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा कि शहर के कई वार्डों में आवारा कुत्तों के झुंड दिन और रात में सड़कों पर घूमते दिखाई देते हैं। कई स्थानों पर कुत्तों के झुंड राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ पड़ते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। बच्चों और बुजुर्गों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रेबीज जैसी बीमारियों को लेकर भी लोगों में चिंता बनी हुई है।


दूसरी ओर शहर की प्रमुख सड़कों और बाजार क्षेत्रों में बेसहारा मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। कई बार मवेशी सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। रात के समय अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना और बढ़ जाती है। व्यापारियों और वाहन चालकों ने भी इस समस्या पर चिंता जताई है।

नगर निगम और संबंधित विभागों का कहना है कि आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण तथा मवेशियों की धरपकड़ जैसी गतिविधियों को और तेज करने की योजना बनाई जा रही है।



### नसबंदी-टीकाकरण अभियान नियमित हो

नागरिकों का कहना है कि आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान को नियमित रूप से चलाया जाना चाहिए। साथ ही बेसहारा मवेशियों को गौठानों या निर्धारित स्थानों पर रखने की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। सामाजिक संगठनों ने भी जनसुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाने की मांग की है।



### सहकारी समितियों के जरिए आधुनिक खेती की नई क्रांति

# किसानों के लिए ड्रोन स्प्रेयर की सुविधा शुरू करने वाला धमतरी बना देश का पहला जिला





लोहरसी समिति में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस महत्वाकांक्षी पहल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती से जोड़ने की दिशा में जिला धमतरी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले की 10 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पीएसीएस) में ड्रोन स्प्रेयर सुविधा प्रारंभ की गई है। इस अभिनव पहल के साथ धमतरी देश का पहला जिला बन गया है, जहां सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

लोहरसी समिति में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस महत्वाकांक्षी पहल का शुभारंभ किया। किसानों की उपस्थिति में सभी 10 समितियों के प्रशिक्षित ड्रोन पायलटों द्वारा ड्रोन स्प्रेयर का सफल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान ड्रोन तकनीक के माध्यम से उर्वरक एवं कीटनाशकों के सटीक छिड़काव, समय की बचत, लागत में कमी तथा बेहतर कृषि प्रबंधन की उपयोगिता को प्रदर्शित किया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने का यह एक अभिनव प्रयास है। ड्रोन तकनीक कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। इससे किसानों को कम लागत में अधिक दक्षता के साथ कृषि कार्य करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले को कृषि नवाचारों का मॉडल जिला बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है और यह पहल उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती संत कुमारी साहू, उप संचालक कृषि, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, समिति के प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक, सीएससी डीएम विनय गिरि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### इन समितियों को मिलेगी ड्रोन स्प्रेयर सुविधा

जिले में जिन समितियों को ड्रोन स्प्रेयर सुविधा से जोड़ा गया है, उनमें बोड़रा, लोहरसी, दोनर, अछोटा, खरेंगा, भोथीडीह, कुंदेल, गड़ाडीह, जुगदेही तथा करेली शामिल हैं। इन समितियों के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को आवश्यकता अनुसार ड्रोन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### ● रसायनों का संतुलित उपयोग

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ड्रोन तकनीक के उपयोग से कम समय में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव होगा, रसायनों का संतुलित उपयोग होगा तथा किसानों का श्रम और लागत दोनों कम होंगे। साथ ही खेतों में सीधे प्रवेश की आवश्यकता कम होने से फसलों को नुकसान की संभावना भी घटेगी। यह पहल कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर भी सृजित करेगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ कई महत्वपूर्ण सूचकों में लक्ष्य से बेहतर उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा प्रमुख स्वास्थ्य सूचकों को मुख्यमंत्री अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में शामिल किया गया है। वहीं भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए निर्धारित आउटपुट इंडिकेटर्स के आधार पर जिलों का स्वास्थ्य स्कोर तैयार किया जाता है। इन दोनों मानकों के आधार पर मासिक स्वास्थ्यांक का निर्धारण किया जाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और निरंतरता का आकलन किया जा सके।

वर्ष 2025-26 में जिला धमतरी ने विभिन्न स्वास्थ्य सूचकों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में स्वीकृत आरओपी (रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स) के विरुद्ध 87.14 प्रतिशत व्यय किया गया। गर्भवती महिलाओं के प्रथम एएनसी पंजीयन में 97.9 प्रतिशत तथा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच में 102 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं पंजीयन में जिले ने 171.02 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर उत्कृष्ट कार्य किया है। कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु संचालित पोषण पुनर्वास केंद्रों में 87 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जांच, खोज एवं पंजीयन में 126.7 प्रतिशत तथा उपचार में 92.5 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त हुई है। इसी प्रकार स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण में 99.9 प्रतिशत तथा स्कूल एवं आंगनबाड़ी स्तर पर चिन्हांकित बीमार बच्चों के उपचार में 98.9 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित मॉनिटरिंग एवं मैदानी अमले के सतत प्रयासों के फलस्वरूप जिले को यह सफलता प्राप्त हुई है।

## नाग मंदिर हटकेशर में शिव महापुराण शुरू, निकली कलशयात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुरूषोत्तम मास के पवित्र अवसर पर नागदेव मंदिर हटकेशर में संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन नागदेव महिला समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। सोमवार को शिव महापुराण के प्रथम दिवस नाग मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो वार्ड भ्रमण कर वापस कथा स्थल पहुंची। प्रवचनकर्ता पं. कमलेश शास्त्री ने प्रथम दिवस की कथा अपनी सुमधुर वाणी से सुनाई। परायणकर्ता पं. नितिन दीवान ने बताया कि कथा का परायण सुबह 9 बजे से शुरू होगा तथा प्रवचन दोपहर 3 बजे से शुरू होगा।

# बार-बार बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी व चेंबर ने सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि भानुप्रतापपुर नगर और आसपास के क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना के बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे आम जनता, व्यापारी वर्ग, विद्यार्थियों तथा विभिन्न संस्थानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कंप्यूटर, इंटरनेट एवं अन्य विद्युत आधारित उपकरणों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। साथ ही विद्युत उपकरणों के खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली गुल होने से आम नागरिकों को भी दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में आवश्यक सुधार कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा यदि किसी कारणवश बिजली कटौती आवश्यक हो तो इसकी पूर्व सूचना आम जनता और व्यापारियों को उपलब्ध कराई जाए। चेंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि विभाग जनहित और व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।



इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, जिला मंत्री राकेश रामानी, भानुप्रतापपुर इकाई अध्यक्ष यश कथूरिया, महामंत्री नमन झाबक जैन, कोषाध्यक्ष आनंद जैन, नारायण पाढ़ी, विजय बरडिया, कपूरचंद बागरेचा, एज़ाज़ रिजवी, लक्ष्मण माखीजा, प्रदीप नवलानी, डेविड देवांगन, विवेक गुप्ता, मोंटी कुलदीप, अनूप दास, राहुल रामानी सहित अन्य व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धमतरी विकासखंड के 88 गांवों में पेयजल संकट



■ स्थायी समाधान के लिए जिपं सभापति ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मंत्री अरुण साव से उनके नवा रायपुर स्थित निवास पर भेंट कर धमतरी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में व्याप्त पेयजल एवं निस्तारी समस्या के स्थायी समाधान के संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा मांग पत्र सौंपा।

श्रीमती देवांगन ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि धमतरी विकासखंड अंतर्गत आने वाले लगभग 88 ग्रामों में वर्तमान समय में पेयजल संकट गंभीर रूप धारण कर चुका है। विशेष रूप से बरारी, भोयना, बेंद्रानवागांव, भटगांव, रुद्री, बोरिदखुर्द ,कसावाही तथा गंगरेल बांध के आसपास स्थित ग्रामीण क्षेत्र में जल स्त्रोतों की उपलब्धता के बावजूद लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण ग्रामीणों को पेयजल एवं निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में बहुप्रतीक्षित रुद्री




समूह जल प्रदाय योजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने तथा आवश्यक वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं प्रारंभ करने का आग्रह किया।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रस्तुत मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि रुद्री समूह जल प्रदाय योजना को आगामी वित्तीय वर्ष में शामिल करने तथा इसके क्रियान्वयन हेतु आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गंगरेल ऋषभ देवांगन, बूथ अध्यक्ष अछोटा गिरधारी लाल देवांगन तथा कार्यकर्ता वीरेंद्र देवांगन उपस्थित थे।

# बिजली कटौती से सुलग रहे सिलौटी फीडर के पांच गांव



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ गर्मी में बिजली गुल से रतजगा करने को मजबूर ग्रामीण

भीषण गर्मी के बीच आमदी सब स्टेशन के सिलौटी फीडर से जुड़े गांवों के ग्रामीण लगातार बिजली संकट से जूझ रहे हैं। ग्राम सिलौटी, सेमरा, खपरी, जोरातराई और सौराबांधा में पिछले तीन-चार महीनों से बार-बार ट्रिपिंग और घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा हजारों उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार दिन हो या रात, कभी भी बिजली बंद हो जाती है। कई बार कुछ मिनटों के अंतराल में बार-बार ट्रिपिंग होती है, जबकि कई अवसरों पर घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती। भीषण गर्मी में बिजली कटौती के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। रात में पंखे और कूलर बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही कटौती से किसानों, छोटे कारोबारियों और विद्यार्थियों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। ऑनलाइन पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग और पेयजल व्यवस्था तक प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सिलौटी फीडर की तकनीकी खामियों को दूर कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने मांग की है कि विभाग तत्काल जांच कर समस्या का स्थायी समाधान निकाले, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## पीएम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 134वीं कड़ी रविवार को ग्राम पंचायत रांवा के पंचायत भवन में सामूहिक रूप से सुनी गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल रांवा के अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, मंडल महामंत्री दमयंती साहू, जनपद पंचायत धमतरी की सभापति देहुति साहू, सरपंच ज्ञानिक राम, बूथ अध्यक्ष गिरवर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से वैश्विक स्थिति, देश के विकास, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए और देशवासियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।







